## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुल से 30 फीट नीचे गिरा ट्रक,चालक की मौत दो घायल

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के धमधा नाका बाइपास पर हुए एक दर्दनाक हादसे में एक की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मिली जानकारी के अुनसार एक केरला पासिंग ट्रक रायपुर से तेलांगाना जा रहा था। इसी दौरान दुर्ग जिले के धमका बाईपास के पास बने पुल से ट्रक अनियंत्रित होकर 30 फ ीट नीचे जा गिरा। इस हादसे में ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं हादसे के बाद ट्रक में सवार चालक करनन सुपईय्या ट्रक में ही फंसा रह गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहन नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने ट्रक की बॉडी को कटर से काटकर मृतक चालक को बाहर निकाला। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर करनन सुपईय्या की मौत हो गई। वहीं दो अन्य दो लोग बूरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक ट्रैफि क एवं पीडब्यूडी के कर्मचारी बचाव कार्य में लगे हैं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जाता है कि हादसा ट्रक चालक को झपकी लगने की वजह से हुआ है। फिलहाल मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1165.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1165.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 01 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1731.2 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 954.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1099.9 मिमी, महासमुंद में 969.6 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 991.2 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1109.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1062.0 मिमी, कोरबा में 1418.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.1 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1268.9 मिमी, कोण्डागांव में 1206.0 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1463.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 1520.6 मिमी और सुकमा जिले में 1673.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### कार से गांजा तस्करी चार गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** पुरानी बस्ती पुलिस के टीम ने मारूति इको कार से गांजा तस्करी करते चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 40 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर राधा स्वामी नगर प्रकाश मेडिकल के पास इको कार क्रमांक सीजी 04 पीपी 9834 को रोक कर तलाशी लिए, तो उसमें 40 किलो गांजा मिला। मामले में पुलिस ने कार सवार आरोपी संतोष साहू 33 वर्ष, नीरज ताम्रकार, ईतवारी नागरची व तुलेश्वर साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# बुजुर्गों एवं महिलाओं के प्रति मान सम्मान रखना सभ्य समाज की पहचान -कलेक्टर

- वृद्धजनों के प्रति सम्मान का भाव हर व्यक्ति के सोच में आना आवश्यक
- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर आशा निकेतन वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गोयल ने वरिष्ठ जनों को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि कोई भी समाज सभ्य तभी कहलाता है, जब वह अपने बुजुर्गों एवं महिलाओं के प्रति मान-सम्मान का भाव रखता है, तभी उस समाज की पहचान सभ्य समाज के रूप में होती है। विश्व भर में प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्ध जनों का सम्मान किया जाता है। हमें खुशी है कि हमारे देश में 700 से अधिक जिले में से एक रायगढ़ जिला भी है जहां यह कार्यक्रम आज आयोजित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, व्यक्ति में बुजुर्गो के प्रति सम्मान एवं देख भाल की भावना जागृत करना हैं। बुजुर्गो का सम्मान केवल आयोजन में न होकर हर घर में होना चाहिए। हर घर में बड़े बुजुर्ग है, उनका देख-रेख करें, मान-सम्मान करें। यह एक सामाजिक सोच एवं विचारधारा है जो हमारे ग्रंथ एवं बुजुर्गों की सीख में भी देखने को मिलता है कि हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।

किसी परिवार में केवल बुजुर्ग सदस्य हो तो उसकी देख रेख की जिम्मेदारी समाज की होती है। जिसमें शासन उनकी जिम्मेदारी लेते हुए अपनी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से संबल प्रदान करता है। इसके साथ ही गैर शासकीय संस्थाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिसका रायगढ़ बेहतर उदाहरण है। यहां गैर शासकीय संस्थाएं समाज के लिए आगे बढ़कर कार्य कर रही है। जो अन्य जिलों में बहुत कम दिखाई देता है। सफर अभी लंबा है, मंजिल अभी दूर है लेकिन हमें अपने सम्मानीय वृद्ध जनों के प्रति सम्मान का भाव हर व्यक्ति के सोच-विचार में लाना होगा।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि हर व्यक्ति किसी ने किसी वृद्ध व्यक्ति के संपर्क में है और हर वृद्ध व्यक्ति को समाज सम्मान के साथ रहने का हक है। वृद्ध होने पर सबसे पहले उनके स्वास्थ्य और दूसरी वित्तीय स्थिति खराब होती है। सभी घर की जिम्मेदारी है कि बुजुर्ग व्यक्तियों का वित्तीय प्रबंध करें। साथ ही वृद्धजन अपना स्वास्थ्य का अत्यधिक ख्याल रखें, हालांकि इस उम्र में सभी आसन नहीं किए जा सकते परंतु प्राणायाम अवश्य रूप से करें ताकि आपका स्वास्थ्य बेहतर रहे। उन्होंने वृद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारे देश की पूंजी हैं आपके पास जो अनुभव है वह महत्वपूर्ण है। पढऩे-लिखने से ही ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती आपके जीवन के अनुभव का संक्षिप्त ज्ञान आने वाली पीढ़ी को अवश्य दें।

इस अवसर पर एसडीएम प्रवीण तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण एस.एस.पाण्डेय, डॉ.एच.एस.उरांव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**ब्रेन लिपि में पढ़ वृद्धजन का किया सम्मान, कलेक्टर ने की सराहना**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत के साथ ही देवकी महंत ने ब्रेन लिपि में वृद्ध जन के सम्मान, समाज में उसके अनुभव का महत्व एवं परिवार में बुजुर्ग की अहमियत पर लिखे अपने वक्तव्य को सुनाई। देवकी महंत, फनेश्वरी, पवन कुमारी राठिया, अल्फा कुजूर ये चारो बालिका नंदा सरकुलेशन संस्थान बरगांव में रहतीं है। कलेक्टर गोयल ने उनसे परिचय प्राप्त कर, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत सुंदर गीत की सराहना की।

**स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का किया गया वितरण**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जांच हेतु स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान हीमोग्लोबिन, ब्लड, शुगर, बीपी सहित सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच किए गए एवं बुजुर्गों को नि:शुल्क दवाइयां का भी वितरण किया गया।

# जनदर्शन में कलेक्टर गोयल ने सुनी लोगों की समस्या

**रायगढ़**



साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी एवं विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में पंजरी प्लाट निवासी यामिनी मेहर वेतन भुगतान के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वह रायगढ़ के राईजिंग किड्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कुसमुरा में सहायक शिक्षिका के पद पर पदस्थ थी। चुंकि स्वास्थ्यगत समस्या होने पर स्कूल छोडऩा पड़ा, जिसके पश्चात उनके द्वारा वेतन भुगतान के संबंध में संपर्क करने के बावजूद किसी प्रकार का वेतन भुगतान स्कूल संचालक द्वारा नहीं किया गया। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कलेक्टर से वेतन भुगतान के संबंध में निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह जनदर्शन में कयाघाट निवासी मदन श्रीवास सहायक उपकरण की मांग हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनका एक पैर पूरी से दिव्यांगता की श्रेणी में आता है। जिससे आवाजाही में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से आटिफिशयल पैर की मांग की। कलेक्टर गोयल ने उप संचालक समाज कल्याण को अतिशीघ्र ही उनके लिए कैलिपर्स देने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत लामीदरहा के ग्रामवासी अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि नत्थूडीपा मोहल्ला में बने चबूतरा के ऊपर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा मकान बना लिया गया है। जिसका उपयोग ग्रामवासी सामाजिक कार्य के लिए उपयोग करते थे। अतिक्रमण हटाने के संबंध में कोटवार के सहयोग से संबंधित व्यक्ति को नोटिस एवं सरपंच के द्वारा नोटिस चस्पा के उपरांत भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। कलेक्टर गोयल ने संबंधित एसडीएम को मौका-मुआयना कर विधिवत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार रायगढ़ जेलपारा की सोना चौहान महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाए जाने संबंधी आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वह पूर्व में अस्वस्थ होने के कारण आवेदन नहीं कर पायी थी। जिससे योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु कलेक्टर से आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

## महिला से छेड़खानी मामले में कोतवाली पुलिस की कार्यवाई: आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला से छेड़खानी के मामले में आरोपी अजय यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना 7-8 मार्च 2024 की रात की है, महिला ने 08 मार्च को थाना कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 7 मार्च की रात अपने पति और बच्चों के साथ मकान मरम्मत के कारण मोहल्ले की एक बंद दुकान के बाहर सो रही थी। रात करीब 1:30 बजे, एक अज्ञात व्यक्ति ने सोते हुए उसके साथ गंदी नीयत से छेड़खानी की। महिला के चिल्लाने पर उसका पति और बच्चे जाग गए, और आरोपी मोटरसाइकिल पर भागने लगा।

पीड़िता के पति ने आरोपी का पीछा किया और पहचान की कि वह अजय यादव, निवासी संजय मैदान है। महिला की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 147/2024 धारा 354 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, उपनिरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने पीड़ित महिला और गवाहों के बयान लिए, जिसमें आरोपी अजय यादव के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए। आरोपी घटना के बाद फरार था, जिसे कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कल गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (CG 13 AU 2873) भी जप्त कर ली गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुखनंद पटेल के नेतृत्व में इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपिका निर्मलकर, आरक्षक संदीप मिश्रा, रोशन एक्का, और कमलेश यादव की अहम भूमिका रही।

## स्वास्थ्य शिविर में 94 लोग हुए लाभान्वित

**रायगढ़**



स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं जनसामान्य के लिये सीएमएचओ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर निगम, कार्यालय परिसर रायगढ़ में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गैर संचारी रोग अंतर्गत बीपी, सुगर, सिकल सेल की जांच, टी.बी.स्क्रीनिंग की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई तथा जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में कुल 94 लोग लाभान्वित हुए तथा 55 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

## नशा मुक्ति अभियान : पुलिस टीम ने जामगांव में ग्रामीणों के साथ एमएसपी प्लांट के कर्मचारियों और वाहन चालकों को किया जागरूक

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे "नशा मुक्ति अभियान" के तहत,दिनांक 01/10/2024 को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र के जामगांव स्थित MSP प्लांट में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व निरीक्षक रामकिंकर यादव ने किया, जिन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता और इसके दूरगामी प्रभावों पर बल दिया।

निरीक्षक रामकिंकर यादव ने नशा मुक्ति अभियान के दौरान प्रमुख रूप से यह बताया कि नशा न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने और परिवार को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि नशा युवाओं के जीवन को अंधकार में धकेल देता है, और इसे रोकने के लिए जनसहयोग और सामुदायिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। नशा मुक्ति के लिए व्यक्तिगत संकल्प के साथ इसे जड़ से मिटाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नशा का सेवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि कानूनी समस्याएं भी पैदा करता है, जैसे शराब पीकर वाहन चलाना, जो कई दुर्घटनाओं का कारण बनता है।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा टीम के निरीक्षक अनुरंजन लकड़ा और थाना प्रभारी यातायात पुलिसकर्मियों ने शराब सेवन कर वाहन चलाने के खतरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि शराब के सेवन से वाहन चलाने की क्षमता में कमी आती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा, उन्होंने कानून का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई और जुर्माने की चेतावनी दी।

इस अवसर पर पुलिस टीम द्वारा बैनर और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में प्रधान आरक्षक संजय यादव, प्रधान आरक्षक बिहारी एक्का, आरक्षक महेंद्र सिंह बिंझवार, जसपाल शर्मा, और मनीष मिंज ने भी भाग लिया और अपनी भूमिका निभाई।

## 'स्वच्छता ही सेवा' की शपथ के साथ परिवार न्यायालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**रायगढ़**



जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ की अध्यक्षता में आज परिवार न्यायालय रायगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन एवं परिवार न्यायालय के न्यायाधीश प्रबोध टोप्पो, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी देवेन्द्र कुमार साहू एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अंकिता मुदलियार उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुये 'स्वच्छता ही सेवा' के महत्व को बताते हुये कहा जीवन में साफ -सफाई का होना अत्यन्त आवश्यक है, साफ -सफाई न केवल अपने घर की कार्यस्थल की वरन अपने मन की सफाई करनी चाहिए। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है अत: अपने घर और कार्यस्थल पर हमेशा साफ -सफाई बनाये रखना जरूरी है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा उपस्थित पक्षकारगण को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। परिवार न्यायालय के न्यायाधीश प्रबोध टोप्पो ने परिवार न्यायालय के शिविर में उपस्थित सभी पक्षकारगणों को स्वच्छता के संबंध में जागरूक रहकर एवं स्वयं का श्रमदान करने का आव्हान किया। श्रीमान मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी रायगढ़ देवेन्द्र कुमार साहू ने छ.ग.टोन्ही प्रताडऩा निवारण अधिनियम 2005 कानून के संबंध में एवं नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी और पक्षकारों को बताया कि यदि वे अधिवक्ता की फीस देने में असमर्थ है ऐसी महिलाओं, गरीबी रेखा से नीचे व्यक्तियों के लिये नि:शुल्क अधिवक्ता विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त कराया जाता है की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के परामर्शदार्ती सदस्य, परिवार न्यायालय के अधीक्षक व कर्मचारीगण, एवं पैरालीगल वालिंटियरगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# छत्तीसगढ़ को केंद्रीय परिवहन मंत्री की सौगात, सड़कों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ की मंजूरी

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नई दिल्ली में समीक्षा बैठक में हुए शामिल
- केन्द्रीय सड़ निधि से 908 करोड़ के आठ कार्यों को मिली स्वीकृति

**जशपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ की सडक़ों का जाल और मजबूत होने जा रहा है। केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी देकर राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। इस राशि से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। गडकरी ने यह घोषणा नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान की।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान केन्द्रीय सडक़ परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल रहे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता से निष्पादन हो सके। बैठक में परियोजनाओं के विलम्ब के कारणों व रुकावटों पर चर्चा की गयी। इस संबंध में वन विभाग से क्लीयरेंस, राजस्व और खनन से जुड़े अड़चनों को दूर करने व परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर अवरोधों को दूर करने का प्रयास किया गया।

केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने समस्त प्रगतिरत एवं प्रस्तावित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गई, इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की मंजूरी दी गई। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास, बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किया है।

वहीं, केन्द्रीय सडक़ निधि के तहत 908 करोड़ के आठ कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

बैठक में केशकाल घाट व धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी।

एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक माह के अन्दर एजेंसी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया।